संसद सदस्यों ने गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर को श्रद्धांजलि दी

नई दिल्ली, 08 मई, 2016: लोक सभा अध्यक्ष, श्रीमती सुमित्रा महाजन; केंद्रीय गृह मंत्री, श्री राजनाथ सिंह; औरपूर्व उप प्रधानमंत्री और लोक सभा की आचार समिति के सभापति, श्री लाल कृष्ण आडवाणी के नेतृत्व में संसद सदस्यों ने आज गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर की जयंती के अवसर पर संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

लोक सभा के महासचिव, श्री अनूप मिश्र तथा राज्य सभा के महासचिव, श्री शमशेर के.शैरिफ ने भी गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर को श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले विशिष्टजनों को लोक सभा सचिवालय द्‌वारा प्रकाशित गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर के जीवनवृत्त वाली पुस्तिका भेंट की गई।

भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति, डॉ राजेन्द्र प्रसाद ने 12 सितम्बर, 1958 को संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर के चित्र का अनावरण किया था।